केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
( शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन )
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

सीबीएसई/मीडिया व जन-संपर्क/परामर्श दिनांक: 17.11.2025

**परिपत्र**

**वेबिनार: "मनोवैज्ञानिक प्राथमिक सहायता: शैक्षिक परिवेश में मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन हेतु एक बहुआयामी रूपरेखा"**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) द्वारा *"मनोवैज्ञानिक प्राथमिक सहायता: शैक्षिक परिवेश में मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन हेतु एक बहुआयामी रूपरेखा"* विषय पर वेबिनार आयोजित किया जा रहा है। इस वेबिनार का उद्देश्य शिक्षकों एवं विद्यालय परामर्शदाताओं को व्यावहारिक कौशलों से सज्जित करना है, ताकि वे विद्यार्थियों को त्वरित एवं सहानुभूतिपूर्ण मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान कर सकें।

इसमें प्रकरण अध्ययन (Case Studies) के माध्यम से संकट की स्थिति में उपयुक्त कार्रवाई के बारे में समझने पर बल दिया जाएगा तथा "LOOK–LISTEN–LINK" रूपरेखा को संकट का आकलन एवं प्रत्युत्तर देने की एक संरचित पद्धति के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। प्रतिभागियों को भावनात्मक अथवा व्यवहारगत समस्याओं के प्रारंभिक संकेतों की पहचान करना तथा घबराहट, आक्रामकता या अवज्ञा जैसी गंभीर परिस्थितियों को संवेदनशीलता के साथ संभालना सिखाया जाएगा।

**वेबिनार कार्यक्रम का विवरण:**

**दिनांक एवं दिवस** : 19 नवम्बर, 2025, बुधवार
**समय** : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक
**वक्ता** : प्रो. (डॉ.) दया पंत (सेवानिवृत्त), भूतपूर्व अध्यक्ष, शैक्षिक मनोविज्ञान एवं शिक्षा की आधारभूत संरचना विभाग, एनसीईआरटी

**प्रतिभागिता विवरण**

- सत्र का सीधा प्रसारण वेबेक्स के माध्यम से निम्न लिंक पर किया जाएगा: https://sec-cbse.webex.com/sec-cbse/j.php?MTID=m6192b0b9ec401f4dca35592b0612325d
- प्रत्येक सत्र में अधिकतम 1,000 प्रतिभागियों को "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर भागीदारी की अनुमति होगी।

अतः सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों के प्राचार्यों, शिक्षकों, परामर्शदाताओं, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से अनुरोध है कि वे इस वेबिनार में सक्रिय रूप से सहभागिता करें तथा अधिकतम प्रसार हेतु यह सूचना व्यापक रूप से प्रसारित करें। प्रत्येक सत्र के अंत में प्रतिभागियों हेतु उपस्थिति सह-प्रतिक्रिया प्रपत्र (Attendance-cum-Feedback Form) साझा किया जाएगा।

आइए, हम सभी मिलकर शिक्षकों एवं परामर्शदाताओं को आवश्यक कौशल और रूपरेखाओं से सशक्त बनाते हुए स्वस्थ, सहानुभूतिपूर्ण तथा मानसिक रूप से सुदृढ़ शिक्षार्थी पीढ़ी के निर्माण की दिशा में सामूहिक प्रयास करें, ताकि वे प्रत्येक चुनौती का सामना तत्परता एवं आत्मविश्वास के साथ कर सकें।

सादर,

हस्ता/-
**(हिमांशु गुप्ता)**
**सचिव**

**प्रतिलिपि: निम्नलिखित संबंधित विद्यालयों, निदेशालयों, संगठनों और संस्थानों के प्रमुखों को अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में यह सूचना प्रसारित करने के अनुरोध सहित:**

1. आयुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्युशनल क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-16
2. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, सेक्टर-62, इंस्टीट्युशनल क्षेत्र, नोएडा-201309
3. निदेशक, एनसीईआरटी, श्री अरबिंदो मार्ग, नई दिल्ली - 110016
4. सचिव, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार
5. सचिव, सैनिक स्कूल सोसाइटी, कमरा नंबर 101, डी-1 विंग, सेना भवन, नई दिल्ली-110001
6. अध्यक्ष, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन, एन-1/9, दूरदर्शन केंद्र के निकट, पोस्ट ऑफिस सैनिक स्कूल नयापल्ली, भुवनेश्वर, ओडिशा-751005
7. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, एनसीटी दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054
8. जन अनुदेशन निदेशक (स्कूल), संघ राज्य क्षेत्र सचिवालय, सेक्टर 9, चंडीगढ़-160017
9. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम -737101
10. स्कूल शिक्षा निदेशक, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर -791111
11. शिक्षा निदेशक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर - 744101
12. स्कूल शिक्षा निदेशक, लद्दाख, कमरा नं.101-102, भूतल, परिषद सचिवालय, कुर्बाथांग, कारगिल - लद्दाख
13. स्कूल शिक्षा निदेशक, आंध्र प्रदेश, तीसरी मंजिल, बी ब्लॉक, अंजनेया टावर्स, वीटीपीएस रोड, भीमाराजू गुट्टा, इब्राहिमपटनम, आंध्र प्रदेश - 521456
14. निदेशक, केंद्रीय तिब्बती स्कूल प्रशासन, ईएसएसईएसएस प्लाजा, सामुदायिक केंद्र, सेक्टर -3, रोहिणी, दिल्ली
15. अपर महानिदेशक, सेना शिक्षा, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली-110001
16. सचिव, एडब्ल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय (सेना) का एकीकृत मुख्यालय, एफडीआरसी बिल्डिंग नं. 202, शंकर विहार (एपीएस के पास), दिल्ली कैंट-110010
17. राज्य परियोजना निदेशक, ओडिशा आदर्श स्कूल संगठन, नंबर-1/9, नयापल्ली, पी.ओ. सैनिक स्कूल, भुवनेश्वर, जिला-खोर्दा, ओडिशा-751005
18. अध्यक्ष, सीबीएसई के संयुक्त सचिव
19. सभी निदेशक/विभागाध्यक्ष, सीबीएसई
20. सीबीएसई के सभी क्षेत्रीय निदेशक/क्षेत्रीय अधिकारीगण को इस अनुरोध के साथ कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बोर्ड से संबद्ध सभी स्कूलों के प्रमुखों को यह परिपत्र भेजें।
21. सभी संयुक्त सचिव/उप सचिव/अवर सचिव/सहायक सचिव, सीबीएसई
22. सभी प्रमुख/प्रभारी, उत्कृष्टता केंद्र, सीबीएसई
23. संयुक्त सचिव (आईटी इकाई),सीबीएसई को इस अनुरोध के साथ कि इस परिपत्र को सीबीएसई वेबसाइट पर अपलोड करें।

हस्ता/-

**सचिव**